THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI RAMJI LAL SUMAN): (a) The Committee constituted on Right to Work in pursuance of the recommendation of National Development Council has not submitted its report so far.

(b) and (c) Do not arise.

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची में हुई प्रगति

566. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रांची स्थित हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एच ई०सी) में विगत तीन वर्षों के दौरान व्यापार और उत्पादन की प्रगति क्या रही है ;

(ख) क्या सरकार का अपने कार्पोरेशन की क्षमता के विस्तार करने का विचार है ; और

(ग) वहां किस प्रकार की मशीनरी का निर्माण हो रहा है तथा इस समय कार्पोरेशन के पास कितने आर्डर (आर्डर की उपलब्ध राशि) लम्बित पड़े हैं ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान एच ई सी० का उत्पादन, बिक्री और लाभ निम्नलिखित है :—

(करोड़ रुपयों में)

वर्ष	उत्पादन	बिक्री	लाभ(+) हानि(−)
1987–88	282.05	220.50	(−) 21.73
1988–89	352.67	262.51	(−) 12.53
1989–90	368.62	259.97	(−) 33.62

(ख) अपर्याप्त क्रयादेशों के कारण, एच ई सी की वर्तमान क्षमता को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) एच०ई सी० इस्पात, कोयला, खदान, रक्षा, पावर, रेलवे और अन्य मूलभूत क्षेत्रों के लिए मशीन और उपकरण, कास्टिंग, ढलाई और सी एन सी मशीन उपकरणों सहित मशीन उपकरणों का निर्माण करती है। कम्पनी के पास दिनांक 1–12–1990 को 401 करोड़ रु० के क्रयादेश थे जिनमें से अप्रैल से अक्तूबर, 1990 के बीच प्राप्त क्रयादेशों का मूल्य 125 करोड़ रुपये था।

प्रसार भारती अधिनियम का लागू किया जाना

567. **श्री शंकर दयाल सिंह :**
श्री गुरुदास दासगुप्त :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रसार भारती अधिनियम को पूर्णतया लागू कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) :(क) से (ग) प्रसार भारती की स्थापना से सम्बद्ध तारीख को औपचारिक रूप से अधिसूचित करने से पहले सभी पक्षों से परामर्श करना जरूरी समझा गया है ताकि वर्तमान घटनाओं के संदर्भ में यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसकी स्थापना राष्ट्रीय हित में है।

चण्डीगढ़ केन्द्र में आकाशवाणी के भूतपूर्व निदेशक की हत्या

568. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन परिस्थितियों के अंतर्गत आकाशवाणी, चण्डीगढ़ स्टेशन के तत्कालीन निदेशक, श्री राजेन्द्र कुमार तालिब, की हत्या की गई ;

(ख) क्या उनको पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई थी; और

(ग) अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) :(क) से (ग) 6 दिसम्बर, 1990 की प्रातः 9.50 बजे जब श्री राजेन्द्र कुमार तालिब, केन्द्र निदेशक, आल इंडिया रेडियो, अपने पुत्र और अपने निजी सुरक्षा अधिकारी के साथ जब अपने घर के सामने वाले मैदान में बैठे हुए थे तो दो युवक उनसे मिलने आए। उनमें से एक युवक ने अपनी पिस्तौल से 3 राउंड फायर किए जिसमें से दो राउंड श्री राजेन्द्र कुमार तालिब को लगे। तत्पश्चात्, दोनों युवक भाग गए। जब श्री तालिब को हस्पताल ले जाया गया तब उनको मृत बताया गया। पंजाब सरकार के संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार दो संदिग्ध व्यक्तियों को, जिन्होंने अपराध किया है, पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

स्वर्गीय श्री तालिब के लिए आल इंडिया रेडियो स्टेशन, चण्डीगढ़, में एक गार्ड तैनात किया गया था जो उनके कार्यालय में उनकी सुरक्षा करता था और इसके अतिरिक्त एक निजी सुरक्षा अधिकारी भी उपलब्ध कराया गया था।

Production capacity of Maruti Udyog Ltd.

569. SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the production capacity of Maruti Udyog Ltd. at present;

(b) the number of people who have booked various types cars with Maruti Udyog recenty; and

(c) whether export of vehicles have also started and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI KAMAL MORARKA): (a) Against the installed capacity of 1,00,000 vehicles a year, Maruti Udyog Limited is expected to produce upto 1,30,000 vehicles a year.

(b) As on 23-12-90 the number of pending bookings for various Maruti vehicles are indicated below:—

Maruti 800 Standard	18193
Maruti 800 AC	4425
Omni	4167
Gypsy	699
1000 cc Car	24284
1000 cc Deluxe Model (To be sold in foreign currency)	10375